प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पाँच देशों की यात्रा के अंतिम चरण में नामीबिया के विंडहोक पहुँच गए हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि नामीबिया एक महत्वपूर्ण और विश्वसनीय अफ्रीकी साझेदार है जिसके साथ भारत द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देना चाहता है। उन्होंने कहा कि वे आज राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी–नदैतवा से मिलने और नामीबियाई संसद को संबोधित करने के लिए उत्सुक हैं। इससे पहले कल उन्हें ब्राजील के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री को इस सम्मान के लिए बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये प्रतिष्ठित सम्मान श्री मोदी के असाधारण नेतृत्व और वैश्विक राजनीति में भारत की बढ़ती साख तथा अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश की प्रतिष्ठा में लगातार बढोतरी का प्रतीक है।

0000

हनुमानगढ के संगरिया में नगराना गांव के पास **आज** एक सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई और 17 लोग घायल हो गए। कई घायलों की हालत गम्भीर बनी हुई है जिनका हनुमानगढ के राजकीय अस्पताल में इलाज चल रहा है।ये दुर्घटना एक बजरी से भरे ट्रक के रोडवेज बस से टकरा जाने से हुई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त जिला कलेक्टर घटना स्थल पर पंहुचे। मामले की जांच की जा रही है। वहीं सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ में हुए एक अन्य हादसे में दो लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब ये तीनों लोग मोटरसाईकिल से खेत की ओर जा रहे थे। तभी सामने से आ रही एक स्कूल बस ने इन्हें टक्कर मार दी।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज डीग जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे मुंडिया पूर्णिमा मेले के अवसर पर पूंछरी गांव का दौरा करेंगे। इसके बाद वे पूंछरी का लौठा में श्रीनाथ जी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे।

0000

प्रदेश में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जगह जगह पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कडी में आज भरतपुर के रूदावल में सरकारी स्कूल में पौधे लगाये गये। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने 500 से ज्यादा पौधे रोपकर क्षेत्र को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान विद्यार्थियों को छायादार, फूलदार और फलदार पौधों की उपयोगिता बतायी गई।

0000

हनुमानगढ में इन दिनों किन्नु और माल्टा की बागवानी करने वाले किसानों के चेहरे खिल उठे है। कुछ दिनों से हो रही बरसात से किन्नु के बागों में रौनक नजर आ रही हैं। अक्टूबर के अंत तक बाजार में फल आने लगेंगे। किन्नु उत्पादक एक किसान ने बताया कि बारिश से फलों का आकार बढेगा और इससे रस की मिठास में भी बढोतरी होगी। इससे अच्छे बाजार भाव मिलने की संभावना है।

0000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बरसात हुई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में एक–दो स्थानों पर भारी बरसात दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 98 मिलीमीटर पानी हनुमानगढ़ में बरसा। हनुमानगढ़ में कल रात से शुरू हुआ बरसात का दौर सुबह तक जारी रहा। इससे कई घरों में पानी भर गया। जिला कलेक्टर डॉ खुशाल यादव ने शहर का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को पानी की निकासी की व्यवस्था के निर्देश दिए। वहीं खुंजा गांव में बारिश के कारण कच्चे मकान की छत गिरने से एक महिला की मृत्यु हो गई। प्रदेश में अब तक सामान्य से करीब 128 फीसदी अधिक बारिश रिकॉर्ड की जा चुकी है। अगले पांच दिनों तक बारिश का

सिलसिला जारी रहने की संभावना है। आज 25 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। 11 और 12 जुलाई को कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभाग में कहीं—कहीं भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात 27 जुलाई को होगा। ये इस कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगी। श्रोता इसके लिए 25 जुलाई तक सुझाव भेज सकते हैं। इन्हें टोल—फ्री नम्बर 1800—11—7800 पर दिया जा सकता है।

00000